# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified


पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 932–938 दिनांकः–21.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–वर्ष 2026–27 हेतु निर्गत 50 प्रतिशत अनुदान उपभोग करने एवं प्रत्येक रा0से0यो0 इकाई का जेड0बी0एस0ए0 खाता खोलने / सक्रिय करने सम्बन्धी।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 28–10 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 9748–9815, दिनांक 19 सितम्बर, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए माह–अप्रैल से सितम्बर–2026 तक की अवधि की प्रथम किश्त रा0से0यो0 अनुदान का 50 प्रतिशत (रू0 37,500 / –प्रति इकाई) चाइल्ड एजेंसियों के खातों में प्रेषित अनुदान का दिनांक 30.09.2026 से पूर्व व्यय (Expenditure) जनरेट करते हुए उपयोग समस्त इकाईयों द्वारा किया जाना अनिवार्य है, दिनांक 30.09.2026 तक उक्त अनुदान उपयोग न किये जाने की स्थिति में अनुदान वापस (रिवर्ट) होने तथा अगली किश्त जारी न होने की संभावना है। इसके साथ ही मंत्रालय के निर्देशानुसार एकल खाता संरचना के अन्तर्गत प्रत्येक रा0से0यो0 इकाई का भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में प्रोडक्ट कोड–51112171 के तहत पृथक–प्रथक, ZBSA मे खाता शीघ्र खोलना, सक्रिय किया जाना है।

अतः आपसे आग्रह है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की रा0से0यो0 इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को मंत्रालय द्वारा प्रेषित प्रथम किश्त (रा0से0यो0 अनुदान का 50 प्रतिशत (रू0 37500 / – प्रति इकाई) का उपयोग दिनांक 30.09.2026 तक अनिवार्य रूप से करने एवं प्रत्येक रा0से0यो0 इकाई का भारतीय स्टेट बैंक मे ZBSA खाता खोलने / सक्रिय करने हेतु निर्देशित करें। इसके साथ ही नए खुलने वाले ZBSA बैंक खातों का विवरण (संलग्न प्रारूप अनुसार) इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजन

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को शासन के निर्देशों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

21.9.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना